This question paper contains 8+4 printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**6363**

## LL.B./II Term A

## Paper LB-203—CRIMINAL LAW-II (NC)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :— इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *Five* questions in all including Question No. 1 which is compulsory and at least *one* question from Part II.

*All* questions carry equal marks.

अनिवार्य प्रश्न सं. 1 और भाग II में से कम-से-कम **एक** प्रश्न सहित कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. Attempt briefly any *four* of the following : 4×5=20

   (*a*) Distinguish between cognizable and non-cognizable offences.

(*b*) Why is preparation to a crime generally not punishable ?

(*c*) What are the rights of an arrested person ?

(*d*) Concept of 'Plea Bargaining' as incorporated in the Code of Criminal Procedure, 1973.

(*e*) Distinguish between 'mistake of fact' and 'mistake of law'.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(*a*) संज्ञेय तथा असंज्ञेय अपराधों के बीच विभेद स्पष्ट कीजिए ।

(*b*) किसी अपराध की तैयारी आमतौर पर दंडनीय क्यों नहीं होती है ?

(*c*) गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकार क्या-क्या हैं ?

(*d*) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में यथा सम्मिलित 'Plea Bargaining' की संकल्पना ।

(*e*) "तथ्य की भूल" और "विधि की भूल" के बीच विभेद स्पष्ट कीजिए ।

**Part I**

**(भाग I)**

2. "Although, prima facie and as a general rule, these must be a mind at fault, before these can be a crime, it is not an inflexible rule, and a statute may relate to such a subject matter and may be so framed as to make an act criminal, whether there has been any intention to break the law or otherwise to do a wrong or not." Elucidate, drawing distinction between the cases where principle of mens rea is justifiably dispensed with and the cases in which the common law rule — 'Actus non facit reum, nisi mens sit rea' is invoked. 20

"यद्यपि प्रथमदृष्टया और सामान्य नियम के रूप में कोई अपराध हो सकने से पूर्व एक त्रुटिपूर्ण मानस होना ही चाहिए । यह कोई inflexible नियम नहीं है तथा कोई कानून उक्त विषयवस्तु सम्बन्धी हो सकेगा और कोई ऐसा कानून बनाया जा सकेगा जो उस कृत्य को आपराधिक बना सकेगा — चाहे

विधि को तोड़ने का अथवा अन्यथा कोई दोष करने का आशय हो या नहीं हो ।" उन केसों के जहाँ आपराधिक मन:स्थिति के सिद्धान्त को न्यायोचित रूप में अभिमुक्त किया जाता और उन केसों के जिनमें कॉमन विधि नियम – केवल कार्य किसी को अपराधी नहीं बनाता यदि उसका मन भी अपराधी न हो – का अवलम्ब लिया जाता है, बीच विभेद स्पष्ट करते हुए उनकी विशद व्याख्या कीजिए ।

3. Five goondas A, B, C, D and E, entered the house of K, in order to take the forcible possession of his house. All five goondas carried big heavy lathis with them, which they used unhesitantly to inflict several serious injuries to K, who had tried his best to stop their endeavour. Ultimately, K was dragged out of the house and taken to a lonely corner of the street, where D shot him dead while C and E had held his limbs. In the meantime, A stole a diamond necklace from K's house and B committed rape on K's daughter. Comment on the criminal liability of each one of them for the offences committed. 20

A, B, C, D और E पाँच गुन्डे K के मकान में उस पर बलात् कब्जा करने के लिए घुस गए । सभी पाँचों गुन्डों के पास उनकी भारी-बड़ी लाठियाँ थीं ज़िनका उन्होंने K को अनेक गम्भीर चोट देने के लिए खुलकर प्रयोग किया – उस K को जिसने उनकी कोशिशों को रोकने की भरपूर कोशिश की । अन्तत: K को मकान के बाहर खींच लिया गया तथा गली के एकान्त कोने में ले जाया गया जहाँ C तथा E ने उसे पकड़े रखा और D ने उसे शूट करके मार डाला । इसी दौरान A ने K के मकान से एक हीरे का हार चुरा लिया तथा B ने K की पुत्री के साथ बलात्संग किया । किए गए अपराधों के वास्ते उनमें से प्रत्येक के आपराधिक दायित्व पर टिप्पणी लिखिए ।

4. A, with the intention to cause death of B, procures a white powder containing poison. He secretly mixes the powder in a cup of tea and places it on the table of B. Examine the liability of A in the following cases : 20

(a) B's servant removes the cup from the table and throws the contents in the basin.

(*b*) B picks up the cup but the contents get spilled over his clothes as he stumbles accidently.

(*c*) B takes the tea and suffers a mild illness. On chemical analysis of the white powder it is found that the quantity of the poison in it is far below the required lethal dose.

(*d*) A is caught with the cup in his hands before he could place it on the table of B.

A, B की हत्या कारित करने के आशय से विषभरा सफेद पाउडर ले आया । उसने पाउडर को गुप्त रूप से चाय के प्याले में मिला दिया तथा उसे B की मेज पर रख दिया । निम्नलिखित केसों में A की दायित्वाधीनता की जाँच कीजिए :

(*a*) B का नौकर मेज से प्याला हटा देता है और उसमें रखी चीज को बेसिन में फेंक देता है ।

(*b*) B प्याला उठा लेता है किन्तु उसमें रखी वस्तु उसके सहसा ठोकर खा लेने पर उसके कपड़ों पर बिखर जाती है ।

(*c*) B चाय पी लेता है और हल्की सी बीमारी से ग्रस्त हो जाता है । सफेद पाउडर के रासायनिक विश्लेषण से पता चला कि इसमें विष की मात्रा अपेक्षित घातक खुराक से काफी कम थी ।

(*d*) B की मेज पर प्याले को रखे जाने से पहले ही A को उसके हाथ में प्याले सहित पकड़ा जाता है ।

5. W, the wife of H, goes to her parents house, after a heated argument with H. H persuades her to return but W bluntly refuses to come back. He gets desperate and goes to W to bring her back to the matrimonial home. After having heated arguments for nearly two hours, H drags W towards the exit door of the house whereupon W's brother B inflicts a knife injury on H's neck due to which he dies. B takes the plea of private defence. Can he succeed ? 20

H की पत्नी W, H के साथ गर्म बहस होने पर अपने पैतृक घर चली जाती है । H उससे लौटने की अनुनय-विनय करता

है किन्तु W वापस लौटने से साफ मना कर देती है । H निराश हो जाता है तथा W को दाम्पत्य घर में वापस लाने के लिए W के पास जाता है । लगभग दो घंटे के गर्म तर्क-वितर्क के बाद H, W को घर के निकास द्वार की ओर घसीटता है । इस पर W का भाई B, H की गर्दन चाकू से क्षत कर देता है जिसके कारण उसकी मृत्यु हो जाती है । B प्राइवेट प्रतिरक्षा का अभिवाक् करता है । क्या वह सफल हो सकता है ?

6. Ram had a medical history of insanity in his family. His grand-mother died in a mental hospital where his father and brother were also undergoing medical treatment. Ram suffers from acute depression with immense tendency to weep. One morning, he suddenly caught hold of her daughter, took her to the kitchen and stabbed her to death. Thereafter, he strangled his another daughter and wife to death and also tried to throttle his son. His cries and shouts for help brought the neighbours on the spot. On seeing them, Ram ran away and reached the police

station to surrender himself. On prosecution of Ram, the defence counsel pleads insanity and argues that the history of family coupled with the presence of five circumstances :

(*i*) absence of motive,

(*ii*) absence of secrecy,

(*iii*) multiple murders,

(*iv*) want of pre-arrangement, and

(*v*) want of accomplices

detailed both in Lyon's Medical Jurisprudence and Modi's Medical Jurisprudence, leads to the irresistable conclusion that he was suffering from not only paralysis of the will but also from the paralysis of the mind.

He would you decide the case ? 20

राम के कुटुम्ब में विक्षिप्तता का चिकित्सीय इतिहास रहा है । उसकी दादी की मानसिक अस्पताल में मृत्यु हुई थी जहाँ उसके

पिता तथा भाई की चिकित्सा भी की जा रही थी । राम तीव्र अवसाद का शिकार है जिसमें उसको रोने की तीव्र हूक उठती है । एक सुबह उसने सहसा अपनी पुत्री को पकड़ लिया, उसे रसोईघर में ले गया और वहाँ उसे चाकू घोंपकर मार डाला । उसके बाद उसने अपनी एक अन्य पुत्री तथा पत्नी को गला घोंटकर मार डाला तथा अपने पुत्र का गला दबाने का भी प्रयास किया । उसकी मदद के लिए चीख पुकार सुनकर पड़ौसी घटना-स्थल पर पहुँच गए । उन्हें देखकर राम भाग गया और स्वयं का समर्पण करने के लिए पुलिस स्टेशन पहुँच गया । राम के अभियोजन पर प्रतिवादी पक्ष के वकील ने विक्षिप्तता का अभिवाक् किया तथा तर्क दिया कि कुटुम्ब का इतिहास और पाँच परिस्थितियाँ :

(*i*) हेतुक की अनुपस्थिति

(*ii*) गोपनीयता का अभाव

(*iii*) अनेक हत्याएँ

(*iv*) पूर्व-प्रबन्ध का अभाव और

(*v*) सह-अपराधियों की अनुपस्थिति

जिनका उल्लेख लियोन के चिकित्सीय विधिशास्त्र और मोदी के चिकित्सीय विधिशास्त्र दोनों में है, इस अप्रतिरोध्य निष्कर्ष पर पहुँचाती है कि वह न केवल इच्छा की गतिहीनता से बल्कि मस्तिष्क की गतिहीनता से भी ग्रस्त था ।

आप इस केस का विनिश्चय किस प्रकार करेंगे ?

**Part II**

**(भाग II)**

7. (*a*) What is FIR and what is its evidentiary values ? 10

(*b*) What are the broad guidelines that the courts consider while granting bail in non-bailable cases ? 10

(*a*) प्रथम इत्तिला रिपोर्ट क्या होती है और इसका साक्ष्यात्मक मूल्य क्या होता है ?

(*b*) वे कौनसे मोटे-मोटे दिशा-निर्देश हैं जिन पर न्यायालय असंज्ञेय केसों में जमानत मंजूर करते समय विचार करते हैं ?

8. (*a*) Describe the basic features of Fair Trial in the light of constitutional and statutory provisions and the judicial decisions. 10

(*b*) Elaborate the procedure for investigation in a case relating to cognizable offence. 10

(*a*) संवैधानिक और कानूनी उपबन्धों तथा न्यायिक विनिश्चयों को ध्यान में रखते हुए ऋजु विचारण की आधारभूत विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

(*b*) संज्ञेय अपराध सम्बन्धी मामले में अन्वेषण हेतु प्रक्रिया का सविस्तार उल्लेख कीजिए ।